दिनांक–30.05.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- दक्षिण पश्चिम मॉनसून के अगले 24 घंटों में केरल पहुंचने के आसार, प्रदेश में भी तापमान में आई मामूली गिरावट।
- एम्स भोपाल ने शुरू की इमरजेंसी ओपीडी सेवा, सातों दिन करेगी काम।
- भोपाल में आज सब्जी मण्डी और गल्ला मंडी में किया जायेगा वयस्क बीसीजी टीकाकरण।
- भारत के प्रगनानंदा ने शतरंज में विश्व के नंबर एक खिलाडी मैग्नस कार्लसन को दी मात।

मानसून–मौसम

अगले 24 घंटों में दक्षिण पश्चिम मॉनसून, केरल पहुंच सकता है। मौसम विज्ञान विभाग ने कहा कि मानसून पहली जून से दो दिन पहले आएगा। मौसम विभाग ने कहा कि कल से अगले पांच दिनों में केरल, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह और माहे में अलग–अलग स्थानों पर भारी वर्षा होने की संभावना है।

वहीं, प्रदेश में नौतपा के पांचवें दिन अधिकतम तापमान में आधे से एक डिग्री सेल्सियस तक की मामूली गिरावट दर्ज की गई, लेकिन गर्मी के तेवर पर इसका खास असर दिखाई नहीं दिया। प्रदेश में सबसे अधिक तापमान दतिया में 47 दशमलव 9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। ग्वालियर समेत 12 जिलों में भीषण लू और भोपाल–इंदौर समेत 24 जिलों में गर्म हवाएं चलीं। प्रदेश में आज और और कल भी ग्वालियर, चंबल, मालवा–निमाड़ में भीषण लू चलेगी। यहां तापमान 45 डिग्री के पार ही रहेगा। वहीं, 33 जिलों में भीषण गर्मी का असर दिखेगा। भोपाल में कल तापमान 44 दशमलव 1 डिग्री, इंदौर में 40 दशमलव 8 डिग्री, ग्वालियर में 46 दशमलव 4 डिग्री और जबलपुर में 42 दशमलव 7 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग की मानें तो अगले कुछ दिनों में धीरे–धीरे तापमान में कमी आएगी। इसका कारण प्रदेश में हवाओं का रुख बदलने लगा है।

इमरजेंसी ओपीडी

एम्स भोपाल देश का पहला ऐसा एम्स संस्थान बन गया है जहां इमरजेंसी ओपीडी की सेवा शुरू हो गई है। एम्स भोपाल के ट्रॉमा एवं इमरजेंसी मेडिसिन विभाग में इस इमरजेंसी ओपीडी की शुरुआत की गई। इमरजेंसी ओपीडी की प्रभारी डॉक्टर रश्मि वर्मा ने बताया कि यह इमरजेंसी ओपीडी सप्ताह के सातों दिन, 24 घंटे लोगों की सेवा में तत्पर रहेगी। इमरजेंसी ओपीडी का उद्घाटन करते हुए एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफेसर डॉ. अजय सिंह ने कहा कि मरीजों को समय पर और सही उपचार प्रदान कर हम कई जीवन बचा सकते हैं। इस इमरजेंसी ओपीडी द्वारा मरीज को त्वरित चिकित्सा सेवा मिल सकेगी।

रुद्र एम–II मिसाइल

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन– डी आर डी ओ ने आज ओडिसा में भारतीय वायु सेना के एस यू–30 एम के– वन प्लेटफॉर्म से हवा से सतह पर मार करने वाली रुद्र एम– II मिसाइल का सफल परीक्षण किया। स्वदेश निर्मित इस मिसाइल में कई अत्याधुनिक तकनीकों को शामिल किया गया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रुद्र एम– II के सफल परीक्षण पर डीआरडीओ, वायु सेना और रक्षा उद्योग को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस परीक्षण से वायुसेना की क्षमताएं कई गुना बढ जायेंगी।

बिजली बिल चोरी

मध्यप्रदेश मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा विद्युत की चोरी के प्रभावी रोकथाम एवं विद्युत के अवैध उपयोग को रोकने के लिए पारितोषिक योजना चलाई गई है। योजना के तहत कोई भी व्यक्ति बिजली के अवैध उपयोग के संबंध में सूचना लिखित अथवा मोबाईल पर दे सकता है। हाल ही में कंपनी की वेबसाईट पर भी ऑनलाईन सूचना देने की व्यवस्था की गई है। सफल सूचनाकर्ता को वसूली गयी बिल की राशि का दस प्रतिशत पारितोषिक राशि के रूप में दिया जाता है। प्रोत्साहन राशि सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी। प्रकरण बनाने एवं राशि वसूली करने वाले विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को भी ढाई प्रतिशत राशि प्रोत्साहन के रूप में दी जाएगी।

बीसीजी टीकाकरण

भोपाल में आज सब्जी मण्डी और गल्ला मंडी में वयस्क बीसीजी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में गल्ला मंडी एवं सब्जी मंडी में काम करने वाले श्रमिकों एवं व्यापारियों को बीसीजी का टीका लगाया जाएगा। गल्ला मंडी प्रांगण में सुबह 11 बजे से 2.30 और सब्जी मंडी में सुबह 9 बजे से 12 बजे तक शिविर आयोजित होगा। रैन बसेरे में रहने वाले लोगों को भी बीसीजी का टीका लगाने के लिए विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। वयस्क बीसीजी टीकाकरण अभियान के तहत भोपाल जिले में लगभग 38 हजार लोगों को टीके लग चुके हैं। जिन लोगों को ये टीके लगें हैं, उन्हें टीबी बीमारी के लिए पर्याप्त सुरक्षा मिल सकेगी।

पुलिस चैंकिंग अभियान

प्रदेश में पुलिस ने कल जिलाबदर अपराधियों के घरों में दबिश दी। दो हजार 428 जिलाबदर अपराधियों की जांच की गई, जिनमें 141 अपने घरों में ही सोते मिले, जिन्हें गिरफ्तार किया गया। रातभर चली इस कार्यवाही में सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया। पूरे प्रदेश में अभियान के दौरान 2428 जिलाबदर बदमाशों को चेक किया गया। डीजीपी सुधीर सक्सेना द्वारा प्रदेश के सभी पुलिस अधीक्षकों को

अभियान चलाकर जिला बदर बदमाशों की सघन जांच कर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। उन्होंने इस तरह के चैकिंग अभियान आगे भी समय–समय पर चलाए जाने के निर्देश दिए हैं।

मुंग पंजीयन

प्रदेश में न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत ई–उपार्जन पोर्टल पर ग्रीष्मकालीन फसल मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन प्रारम्भ हो गया हैं। मूंग का समर्थन मूल्य 8 हजार 558 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मूंग पंजीयन की अंतिम तिथि 5 जून है। मुरैना के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के उपसंचालक ने किसानों से अनुरोध किया है वे अपने क्षेत्र की नजदीकी संस्था पर बैंक पासबुक, आधारकार्ड, ऋण–पुस्तिका, समग्र आई.डी की छायाप्रति एवं मोबाइल नम्बर के साथ अपना पंजीयन करायें। खंडवा में भी मूंग का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर उपार्जन के लिये किसानों का पंजीयन षुरू हो गया है।

अहिल्याबाई जयंती वर्ष

लोक माता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300 वी जयंती वर्ष को हर्षोउल्लास व उत्सव पूर्वक मनाने के क्रम में मां अहिल्या जयंती की पूर्व संध्या पर 30 मई को शाम को राजबाडा के गणेश हॉल में मां अहिल्या पर आधारित कलांजली सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। अहिल्या उद्यान राजबाडा पर आतिशबाजी सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित किये जावेगे। इंदौर नगर निगम महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि कल शाम को अभय प्रशाल में देवी अहिल्या बाई होल्कर त्रिशताब्दी समारोह समिति व नगर निगम पालिक निगम इंदौर द्वारा संयुक्त रूप से त्रिशताब्दी समारोह का शुभारम्भ होगा. कार्यक्रम में मुख्य वक्ता पद्यश्री निवेदिता भिडे द्वारा देवी अहिल्या बाई की गाथा एवं श्री गौतम काले द्वारा संगीतमय प्रस्तुति दी जावेगी।

नॉर्वे –शतरंज

शतरंज में प्रगनानंदा ने क्लासिकल इवेंट में पहली बार नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन को हराया। 18 वर्षीय प्रतिभाशाली भारतीय खिलाड़ी ने नॉर्वे चेस 2024 के तीसरे दौर में सफेद मोहरों के साथ विश्व के नंबर एक खिलाडी कार्लसन को हराया। प्रगनानंदा को शुरुआती बढ़त मिली और उन्होंने अंततः इसे जीत में बदल दिया। इस जीत के साथ प्रगनानंदा अब प्रतियोगिता में 5.5 अंकों के साथ बढ़त पर है।

कुछ समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर में कराधान से आय वृद्वि के लिये "स्वनिधि से उन्नति" अभियान के लिये 32 पंचायतो का चयन किया गया है। अभियान में सम्मिलित की गई पंचायतों में करो के निर्धारण एवं वसूली की सघन मॉनिटरिंग करते हुये पंचायतो की स्वकराधान से आय वृद्वि सुनिश्चित की जायेगी।

- डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। परीक्षा 18 जून को होगी।
- धार लोकसभा के लिए मतगणना 4 जून को शासकीय पोलीटेक्निक महाविद्यालय में होना है। मतगणना कर्मियों का द्वितीय प्रशिक्षण आज से जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होगा।
- नीमच जिला प्रदेश में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन में दूसरे स्थान पर रहा है।
- रायसेन जिले में मतगणना कार्य के लिए मतगणना कर्मियों एवं माईक्रो आब्र्जवर को शासकीय स्वामी विवेकानन्द कॉलेज एवं आईटीआई भवन में प्रशिक्षण प्रदान किया गया।
- शिवपुरी जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण अभियान को लेकर कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई।
- कटनी मे मतगणना कार्य के सुचारू संचालन के लिए फल–सब्जी मंडी को 4 जून तथा कृषि उपज अनाज दलहन तिलहन की नीलाम का कार्य 3 और 4 जून को दो दिवस बंद रखा गया है।
- आगरमालवा जिले के सुसनेर स्थित स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में आधुनिक प्रौद्योगिकी की शिक्षा में उपयोगिता विषय पर कल एक दिवसीय राष्ट्रीय वेबीनार आयोजित किया गया।

.......................